देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 66 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...सारा गुस्सा नीतीश पर



देहरादून, शनिवार, 6 जून 2020

# पेज थ्री



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 21.0°

33980.70

2 सफेद से लाल हुई साइबेरियाई नदी

7 कोहली ने लॉकडाउन में कमाए 3.6 करोड़

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षाबलों ने डिफ्यूज किया रॉकेट, बड़ी कामयाबी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अनंतनाग। जम्मू–कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी मिली है। अनंतनाग के पहाड़ी इलाकों में भारी संख्या में सेना को निशाना बनाने के नापाक इरादे से रखे गए रॉकेट को डिफ्यूज कर दिया है। आतंकवादियों ने पुलवामा जैसे हमले को फिर से दोहराने के इरादे से तैयारी कर रखी थी। दो दिन पहले ही यहां से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया था। आनंतनाग में सीआरपीएफ और पुलिस की जॉइंट पेट्रोल टीम ने शुक्रवार को गश्त के दौरान पहाड़ी इलाके में रॉकेट रखा हुआ पाया। सुरक्षाबलों की सक्रियता से रॉकेट को डिफ्यूज कर दिया गया।

### कोविड–19: देश में 2,26,770 लोग संक्रमित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के अब तक के सबसे ज्यादा नए 9,851 मामले सामने आए हैं और 273 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही देश में कुल संक्रमितों की संख्या 2,26,770 और मृतकों की संख्या बढ़कर 6,348 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में 1,10,960 संक्रमित मरीजों का उपचार चल रहा है और 1,09,461 लोग स्वस्थ हो चुके हैं और एक मरीज देश से बाहर जा चुका है।

### मरकज मामले में सीबीआई जांच की जरूरत नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। निजामुद्दीन मरकज में हुए कार्यक्रम के मामले में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इनवेस्टिगेशन से जांच कराने की जरूरत नहीं है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में यह बात कही। एक हलफनामा दायर कर केंद्र ने कहा कि कानून के मुताबिक, मामले की जांच डेली बेसिस पर हो रही है। कोशिश ये हो रही है कि समयबद्ध तरीके से रिपोर्ट सबमिट कर दी जाए।

# गैरसैण बनेगी ई–विधानसभा

### पर्यावरण और जैव विविधता की रक्षा सामूहिक जिम्मेवारी

### हरेला पर्व पर फिजीकल डिस्टेंस रखते हुए किया जाएगा पौधारोपण: सीएम

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला अधिकिरयों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग में दिए निर्देश। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि ग्रीष्म कालीन राजधानी गैरसैंण को ई–विधानसभा बनाया जायेगा। पर्यावरण का संरक्षण हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। पर्यावरण प्रदूषण से मुक्ति एवं जैव विविधता को बनाये रखने के लिए हमें जनभागीदारी से प्रयास करने होंगे। यह बात मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सचिवालय में सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियों कांफ्रेंसिंग के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पर्यावरण और मानव के बीच कैसे संतुलन बना रहे, इस दिशा में अनुसंधान की आवश्यकता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड राज्य की पर्यावरण रिपोर्ट की बुक का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रीष्म कालीन राजधानी गैरसैंण को ई–विधानसभा बनाया जायेगा। उत्तराखण्ड सरकार ने ई–कैबिनेट की शुरूआत की है। हमने अपने ऑफिसों को ई–ऑफिस बनाने का निर्णय लिया। अभी 17 कार्यालय, ई–ऑफिस हो गये हैं। प्रयास है कि राज्य के ब्लॉक स्तर तक जितने भी कार्यालय हैं, इनको ई–ऑफिस बनाया जाय।

बैठक में जानकारी दी गई कि झाझरा, दून में 'आनंद वन' के नाम से सिटी फॉरेस्ट विकसित किया जा रहा है। उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रत्येक जनपद के लिए जनपद स्तरीय प्रदूषण नियंत्रण मैनेजमेंट प्लान बनाया जा रहा है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम जैव विविधता है।



### जल के स्रोतों के पुनर्जीवन की दिशा में कार्य करें

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि हरेला पर्व पर फिजीकल डिस्टेंस का पालन करते हुए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जायेगा। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि हरेला पर्व पर पौधारोपण के लिए जन सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया जाय। किसी भी अभियान को सफल बनाने के लिए जन सहयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी अपने जनपदों में नदियों, नौलों, एवं जल के स्रोतों के पुनर्जीवन की दिशा में कार्य करें। राज्य सरकार ने मिशन रिस्पना टू ऋषिपर्णा एवं कोसी के पुनर्जीवन का लक्ष्य रखा है। रिस्पना नदी के लिए आईआईटी रूड़की ने प्रोजक्ट रिपोर्ट तैयार की है। इस अभियान के तहत मिशन मोड में कार्य किया जायेगा।

### जैव विविधता को बनाये रखने में उत्तराखण्ड का अहम योगदान

वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि भारत में जैव विविधता को बनाये रखने में उत्तराखण्ड का महत्वपूर्ण योगदान है। उत्तराखण्ड में देश की 28 प्रतिशत जैव विविधता पायी जाती है। यहां की जैव विविधता का प्रभाव भारत ही नहीं अपितू सम्पूर्ण विश्व पर पड़ता है। प्रकृति हमें सब कुछ देती है। मानव को प्रकृति के साथ पूरा संतुलन बनाकर आगे बढ़ना होगा। पर्यावरण संतुलन के लिए लोगों में सजगता होना बहुत जरूरी है। हम छोटे–छोटे प्रयासों से भी इस दिशा में अपना योगदान दे सकते हैं। हम भावी पीढ़ी को कैसा पर्यावरण देना चाहते हैं, यह हम पर निर्भर है।

### जी7 के विस्तार लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर साधा निशाना

# चीन की धमकी, आग से खेल रहा भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। लद्दाख सीमा पर चले सैन्य तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत को जी 7 में शामिल करने की योजना से चीन आगबबूला हो गया है। चीन के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स ने एक चीनी विशेषज्ञ के हवाले से कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप के जी 7 का विस्तार करके जी 11 या जी 12 किए जाने पर सकारात्मक जवाब दिया है। चीनी समाचार पत्र ने धमकाने के अंदाज में कहा कि जी 7 के विस्तार में शामिल होने की कोशिश कर भारत आग से खेल रहा है।

ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि जी 7 के विस्तार का विचार भू राजनीतिक गणित पर आधारित है और इसका मकसद चीन की घेरेबंदी करना है। अमेरिका भारत को इसमें इसलिए शामिल कराना चाहता है क्योंकि नई दिल्ली न केवल दुनिया की पाचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि भारत अमेरिका की इंडो–पैसफिक रणनीति का एक अहम पिलर बन गया है।

**मोदी का दूसरे कार्यकाल में चीन के प्रति रवैया बदला**

चीनी अखबार ने कहा कि भारत का ट्रंप की योजना पर सकारात्मक जवाब आश्चर्यचकित करने वाला नहीं है। बड़ी शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा रखने वाले भारत की लंबे समय से बड़े अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भागीदारी की इच्छा रही है।

### सीमा विवाद: आज चीन से होगी बात

नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच लद्दाख में चल रहे तनाव के बीच शनिवार को डेलिगेशन लेवल की होने वाली बातचीत पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं क्योंकि दोनों पक्षों के बीच पहले कई दौर की मीटिंग बेनतीजा खत्म हुई थी। इस बार की बताचीत के लिए भारत ने चीन के घेरने के लिए चक्रव्यूह तैयार कर लिया है। आज होने वाली बातचीत में भारत का नेतृत्व लेफ्टिनेंट नजरल हरिंदर सिंह करेंगे। उनके साथ मेजर नजरल बापट और ब्रिगेडियर एवं कर्नल लेवल के अधिकारी भी शामिल होंगे।

### गर्भवती हथिनी की मौत पर गिरफ्तारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तिरुवनंतपुरम। केरल के वन मंत्री के राजू ने पलक्कड़ में गर्भवती हाथी की हत्या मामले की जांच के लिए तीन टीमों को नियुक्त किया है।पुलिस भी मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि ऐसी घटना कभी दोबारा ना हो। इससे पहलरे गर्भवती हथिनी की मौत के मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी हुई।

केरल के वन मंत्री के राजू ने इसकी जानकारी देते हुए बताया है कि केरल के पलक्कड में गर्भवती हथिनी की मौत के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे पहले गर्भवती हथिनी के मौत के मामले में तीन संदिग्धों से गुरुवार को पूछताछ की गई। इस घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया। केरल के साइलेंट वैली नेशनल पार्क की एक गर्भवती हथिनी को कुछ लोगों ने पटाखों से भरा अनानास खिला दिया था। अनानास चबाते ही उसमें हुए विस्फोट से हथिनी का जबड़ा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था।

# सुको ने सरकारों से मांगा प्लान

■15 दिन में सारे प्रवासी घर?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रवासी मजदूरों के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने अहम निर्देश दिया है। केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश देते हुए सुको ने कहा कि हम प्रवासियो को घर पहुंचाने के लिए 15 दिन का समय दे सकते हैं। सुको ने कहा कि सभी प्रवासियों के राज्यवार और जिलेवार रजिस्ट्रेशन की जरूरत है। अदालत ने कहा कि उसे राज्यों में इनके लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी चाहिए। सुको ने जब पूछा कि अभी कितने मजदूर फंसे हुए हैं तो केंद्र के वकील ने कोई आंकड़ा नहीं दिया। अदालत ने कहा कि यह सब बहुत वक्त से चल रहा है। हम 15 दिन का समय दे सकते हैं कि राज्य ट्रेनों की अपनी डिमांड पूरा सकें।

**केंद्र ने दी उठाए गए कदमों की जानकारी**

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने गुरुवार को दायर हलफनामे के आधार पर कहा कि रेलवे ने 3 जून तक 4,228 श्रमिक स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं। उन्होंने कहा कि लगभग एक करोड़ लोग अपनी मंजिल तक पहुंचे हैं। उत्तर प्रदेश में 1,695 ट्रेनें भेजी गईं। अधिकतर ट्रेनें यूपी और बिहार के लिए थीं। बसों के जरिए 41 लाख, ट्रेन के जरिए 57 लाख मजदूरों को उनके गृह राज्य भेजा गया। मेहता ने कहा कि मैंने केंद्र की ओर से उठाए गए कदमों की जानकारी देता एक हलफनामा फाइल किया है।

# 60 वर्ग किमी घुसा चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में जारी गतिरोध को खत्म करने के मकसद से शनिवार को अगले दौर की बातचीत होगी। इससे पहले लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) एचएस पनाग ने दावा किया है कि 6 जून की बातचीत में चीन का पलड़ा भारी रहेगा क्योंकि उसने पूर्वी लद्दाख के तीन अलग–अलग इलाकों में भारत के करीब 40 से 60 स्क्वैयर किमी जमीन पर घुसपैठ कर ली है। अब वह भारत के सामने समझौते की ऐसी शर्तें रखने की कोशिश करेगा जिसे मानना भारत के लिए आसान नहीं होगा और, अगर भारत ने शर्तें नहीं मानीं तो चीन सीमित युद्ध भी छेड़ सकता है।

### राहुल गांधी ने शेयर किया पनाग का लेख

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और केरल के वायनाड से मौजूदा सांसद राहुल गांधी ने एक न्यूज वेबसाइट पर प्रकाशित सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल के इस आर्टिकल को ट्वीट किया है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in